देहरादून,पौड़ी-गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित | www.page3news.in | नगर संस्करण वर्ष 15 अंक: 34 पृष्ठ : 8 मूल्य: एक रूपए

विचार-प्रवाह...फैसले पर विरोध



# पेज थ्री

देहरादून, बृहस्पतिवार, 30 अप्रैल 2020



PAGE 3 PUBLICATION

मौसम अधिकतम $31.0^{0}$ न्यूनतम $19.0^{0}$

32720.16

2 एफएटीएफ ने पाक को दी बड़ी राहत

7 खेल जगत ने भी जताया दुख



# नहीं रहे ऐक्टर इरफान खान

## आखिरी में कहा-जैसे जिंदगी को पहली बार चख रहा हूं

### अंतिम यात्रा में शामिल हुए सिर्फ 20 लोग

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। फिल्म जगत के शानदार अभिनेता इरफान खान अब हमारे बीच नहीं रहे। इरफान ने 53 साल की उम्र में इस दुनिया को अलविदा कह दिया। फिल्म डायरेक्टर शूजित सरकार ने एक ट्वीट के जरिए इरफान के निधन के बारे में जानकारी दी है। डायरेक्टर ने ट्वीट करते हुए लिखा, 'मेरे प्यारे दोस्त इरफान तुम लड़े.. लड़े और बहुत लड़े.. .मैं तुम पर हमेशा गर्व महसूस करूंगा। शांति और ओम शांति। इरफान खान तुम्हें सलाम।

इरफान खान के निधन को लेकर ऑफिशियल बयान भी जारी कर दिया गया है। इसमें लिखा गया है—मुझे यकीन है कि मैं सेरेंडर कर चुका हूं। ये कुछ शब्द हैं, जो इरफान ने 2018 में अपने कैंसर से लड़ने की शुरुआत में कहे थे। यह बहुत दुख देने वाला है कि हमें उनके ना रहने की खबर को आगे लाना पड़ रहा है। इरफान एक बहुत ही मजबूत व्यक्ति थे, जो अपनी आखिरी सांस तक लड़े और उन सभी को प्रेरित किया, जो उनके पास आया। जब उन्हें 2018 में कैंसर जैसी न्यूज का झटका लगा, तब उन्होंने उसके साथ आने वाली हर लड़ाई को लड़ा।

इसमें आगे लिखा गया है, इरफान अपने प्यार और परिवार से घिरे रहते थे, एक सच्ची अपनी खुद की सच्ची विरासत पीछे छोड़कर जा रहे हैं। हम सब यह प्रार्थना और आशा करते हैं कि उन्हें शांति मिले। अपने शब्दों पर रहते हुए, जो उन्होंने आखिरी में कहे थे। ऐसा कि जैसे कि जिंदगी को पहली बार चख रहा हूं, यह उसका चमत्कारी भाग है।

आपको बता दें कि बीमारी की वजह से इरफान खान का मुंबई के कोकिलाबेन अस्पताल में भर्ती कराया गया था। वह लंबे समय से बीमार चल रहे थे। कुछ समय पहले वह अपने इलाज के लिए लंदन भी गए थे।

### 4 बजे किया सुपुर्द-ए-खाक

बुधवार शाम करीब 4 बजे उन्हें अंतिम विदाई दे दी गई। नमाज के बाद इरफान खान के पार्थिव शरीर को यारी रोड, वर्सोवा के कब्रिस्तान में सुपुर्द—ए—खाक किया गया। उन्हें अंतिम विदाई देने के लिए वहां उनके परिवार के कुछ लोग मौजूद थे। बॉलिवुड से कुछ ही लोग इस जनाजे में शामिल हो पाए। उनके करीबियों में से एक विशाल भारद्वाज, तिग्मांशु धूलिया के अलावा राजपाल,कपिल शर्मा और मीका सिंह जैसे कुछ सिलेब्रिटीज नजर आए।

### सलाम बॉम्बे से किया था डेब्यू

इरफान खान ने अपने फिल्मी करियर की शुरुआत इंटरनेशल फिल्म से की थी। उनकी पहली फिल्म सलाम बॉम्बे को ऑस्कर के लिए नॉमिनेशन भी मिला था। उस समय इरफान खान एनएसडी में अंतिम वर्ष की पढ़ाई कर रहे थे।

### फिल्म जगत को बड़ा नुकसानः पीएम

इरफान खान का जाना सिनेमा और थियेटर जगत के लिए बड़ा नुकसान है। भगवान उनकी आत्मा को शांति दे। उनके परिवार को मेरी सांत्वना। सूचना एवं प्रसारण में मंत्री प्रकाश जावड़ेकर ने ट्वीट कर इरफान को श्रद्धांजलि अर्पित किया। उन्होंने लिखा– इरफान खान बहुआयामी कलाकार थे।

### दुनियाभर में था इरफान का नामः राहुल गांधी

मुझे इरफान खान के निधन की खबर सुनकर बुरा लगा। वह भारतीय फिल्म जगत के ऐसे कलाकार थे जो दुनियाभर में मशहूर थे।

### सुनकर झटका लगाः केजरीवाल

इरफान खान के निधन के मारे में सुनकर झटका लगा। वह हमारे वक्त के सबसे असाधारण ऐक्टर्स में से एक थे। भगवान उनकी आत्मा को शांति दे।

## संक्षिप्त समाचार

### पंजाब में 2 सप्ताह और जारी रहेगा लॉकडाउन और कर्फ्यू

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

चंडीगढ़। कोरोना महामारी के चलते पंजाब सरकार ने लॉकडाउन और कर्फ्यू को दो सप्ताह तक आगे बढ़ाने का फैसला किया है। इस बारे में घोषणा करते हुए पंजाब के मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर सिंह ने कहा कि लॉकडाउन के दौरान रोजाना सुबह 7 बजे से 11 बजे तक लोगों को चार घंटे की छूट दी जाएगी। इस दौरान लोग अपने घरों से बाहर आ सकते हैं और दुकानें खुली रहेंगी।

### ब्रिटेन के पीएम बोरिस जॉनसन के घर गूंजी किलकारी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** लंदन। दुनियाभर में महामारी बन चुके कोरोना वायरस से हाल ही में जंग जीतकर लौटे ब्रिटेन के प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन पिता बन गए हैं। जॉनसन की मंगेतर कैरी सायमंड्स ने लंदन के एक हॉस्पिटल में एक बेटे को जन्म दिया है। बताया जा रहा है कि मां और बेटे दोनों ही स्वस्थ हैं।

# देश में पीड़ितों की संख्या 31 हजार पार

## कोरोना वायरस के कारण 1,000 से ज्यादा मौतें हुई हैं

- महाराष्ट्र में सबसे ज्यादा 400 मौतें कोरोना के कारण हुई है
- देश में 3 मई तक के लिए लॉकडाउन लागू है

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। कोरोना वायरस का कहर दुनिया के साथ–साथ भारत में भी बढ़ता जा रहा है। देश में इस खतरनाक वायरस के अब तक कुल लगभग 31,332 मामले आ चुके हैं। इस बीमारी से 7,696 लोग ठीक हो गए हैं या उन्हें अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है। यह जानलेवा बीमारी देश में अब तक सरकारी आंकड़े के अनुसार, 1,007 लोगों की जान ले चुका है।

**महाराष्ट्र में 9]000 के पार पहुंची मरीजों की संख्या**

महाराष्ट्र में कोरोना के मरीजों की संख्या सबसे ज्यादा है। यहां कोविड–19 से पीड़ित 9,318 लोग हैं। 1,388 लोग कोरोना की जंग जीतकर घर भी जा चुके हैं। लॉकडाउन के बाद भी राज्य में कोरोना मरीजों की बढ़ती संख्या उद्धव सरकार के लिए चिंता बढ़ा रही है।

**सरकार ने जारी किए हैं हेल्पलाइन नंबरः** कोरोना से जुड़ी कोई जानकारी लेने या देने के लिए हेल्पलाइन नंबर +91–11–23978046 पर फोन किया जा सकता है। इसके अलावा हर राज्य ने अपना हेल्पलाइन नंबर जारी किया हुआ है। नंबर देखने के लिए क्लिक करें।

### 1000 के पार पहुंचा मौतों का आंकड़ा

देश में कोरोना से मरने वालों की संख्या बढ़कर 1,007 हो गई है। इस बीमारी के कारण सबसे ज्यादा मौतें महाराष्ट्र में हुई है। महाराष्ट्र में 400 लोग इस जानलेवा वायरस के कारण मरे हैं। गुजरात में कोरोना से 181 लोगों की मौतें हुई है। इसके अलावा मध्य प्रदेश में 120 लोगों की मौत हुई है।

## आजादपुर मंडी के 11 व्यापारियों को कोरोना

नई दिल्ली। राजधानी दिल्ली में कोरोना वायरस के मामले बढ़कर 3 हजार 300 से पार पहुंच चुके हैं। बुधवार सुबह ताजा अपडेट आजादपुर मंडी से आया है। मंडी से जुड़े 11 व्यापारियों में कोरोना मिला है। मंडी से जुड़े लोगों का यह भी कहना है कि और लोगों को भी कोरोना हो सकता है। आज बिना लक्षण वाले कोरोना मरीजों पर सत्येंद्र जैन ने बड़ी बात कही। वह बोले कि ऐसे लोगों को हॉस्पिटल में भर्ती करने की जगह 14 दिन होम क्वारंटाइन में रहने को कहा जाएगा। दिल्ली की आजादपुर मंडी में कोरोना के और मामले सामने आए हैं। मंडी से जुड़े 11 व्यापारी कोरोना पॉजिटिव मिले हैं। डीएम (नॉर्थ) दीपक शिंदे ने बताया कि फिलहाल वह उन लोगों के संपर्क में आए लोगों की खोज में जुटे हैं। डीएम के मुताबिक, ये लोग सीधे तौर पर मंडी से जुड़े नहीं थे। मंडी में बड़े स्तर पर कोरोना की टेस्टिंग की गई थी, जिसके बाद कई लोग संक्रमित पाए गए हैं।

# राहुल को चिदंबरम से ट्यूशन लेना चाहिए

- लोन डिफहल्टरों पर बीजेपी और कांग्रेस में संग्राम

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। बीजेपी ने बुधवार को राहुल गांधी पर तंज कसते हुए उन्हें सलाह दी कि उन्हें पूर्व वित्त मंत्री और पार्टी नेता पी चिदंबरम से इकॉनमी से जुड़े शब्दों को लेकर ट्यूशन लेना चाहिए। केंद्रीय मंत्री प्रकाश जावड़ेकर ने कहा कि चिदंबरम को चाहिए कि वह राहुल गांधी को ट्यूशन दें ताकि उन्हें राइट ऑफ और वेव ऑफ का फर्क समझ में आ सके।

जावड़ेकर ने जोर देकर कहा कि मोदी सरकार ने किसी भी लोन को माफ नहीं किया है। उन्होंने ट्वीट किया, श्राहुल गांधी समझ लें कि श्तपजम वषि का मतलब माफी नहीं होता। मोदी सरकार ने एक पैसे का किसी का भी कर्ज माफ नहीं किया है। भ्रम फैलाने से फायदा नहीं होगा। जावड़ेकर ने आगे कहा, राइट ऑफ एक सामान्य अकाउंटिंग प्रक्रिया है। यह रिकवरी या डिफॉल्ट के खिलाफ कार्रवाई को नहीं रोकता। इससे पहले कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने आरटीआई के जरिए आरबीआई से विलफुल डिफॉल्टरों के बारे में मिली जानकारी के हवाले से मोदी सरकार पर तीखा हमला बोला था।

सरकार पर हमला बोलते हुए राहुल गांधी ने कहा था कि लिस्ट में मेहुल चोकसी और नीरव मोदी जैसे भगोड़े के साथ–साथ बीजेपी के कई दोस्तों के नाम हैं।

# तापमान और कोरोना में कमी का 85 % संबंध

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नागपुर। कोरोना वायरस से जंग के बीच एक स्टडी से चौंकाने वाली बात सामने आई है। नागपुर में राष्ट्रीय पर्यावरण इंजिनियरिंग अनुसंधान संस्थान (नीरी) के एक अध्ययन में सामने आया है कि बढ़ते तापमान और चुनिंदा शहरों में घटते वायरस के बीच 85 फीसदी पारस्परिक संबंध है। यह पूरे महाराष्ट्र और कर्नाटक जैसे राज्यों में भी हुआ है। सीएसआईआर से जुड़ी एक टीम के रिसर्च के दौरान नीरी का यह अध्ययन गणितीय मॉडल पर किए गए शोध पर आधारित है। नीरी अनुसंधान ने कहा कि जब इन दो राज्यों में तापमान और सापेक्ष आर्द्रता के सकल मूल्यों को देखा गया तो 25 डिग्री सेल्सियस और इसके बाद के औसत दिन के तापमान में वृद्धि कोविड–19 मामलों में कमी का कारण बना।

### सोशल डिस्टेंसिंग भी जरूरी

इस अध्ययन में बताया गया है कि भारत में गर्म जलवायु कोविड–19 को फैलाने से रोकने में फायदेमंद साबित हो सकती है। इसलिए सोशल डिस्टेंसिंग भी जरूरी है।

**Are you Planning to make a Website or already have ?**

*If yes, then we are here to serve you*

What we do

**Website Development**

All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.

**Promotion & Branding**

1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS

**Search Engine Optimisation**

A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly. You tell us, we do it.

Contact:

**Gadoli Media Ventures**

Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. | Mob: 9319700701, 7579011930

E-Mail: contact@gadoli.in